हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | ]

## ट्रेन के जरिये महाराष्ट्र से शराब लाते कोचिया गिरफ्तार, 230 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




महाराष्ट्र के साल्हेकसा से ट्रेन में अवैध रूप से शराब लाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 230 पौवा महाराष्ट्र निर्मित शराब बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, अवैध शराब बिक्री, तस्करी, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस को देख भागने का प्रयास

इसी कड़ी में 19 अगस्त को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब को 2 काले रंग के बैग में भरकर साल्हेकसा से ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ ला रहे हैं। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा कार्रवाई करते आरोपी को पुराना रेलवे फाटक के आगे मेला ग्राउंड के सामने रेड कार्रवाई किया गया। मुखबीर के बताए अनुसार एक व्यक्ति 2 बैग लेकर रेलवे स्टेशन से पहले पुराना रेलवे फाटक के पास उतरकर जा रहे थे।

### दो बैग में मिला 230 पौवा शराब

जो पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसे घेराबंदी कर पकड़कर पूछने पर आरोपी अपना नाम राहुल नंदेश्वर 22 साल निवासी दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे के दोनों बैग को चेक करने पर दोनों बैग में प्लास्टिक पौवा 90 एमएल वाला कुल 230 नग पौवा कीमती 9200 रुपए मिला, जिसे जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## एनएच पर हुआ हादसा रेलिंग से टकराया ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजपा कार्यालय के समीप आज सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सर्विस लेन पर लगे लोहे की ग्रिल से जा टकराई। जिससे एक गंभीर हादसा टल गया, लेकिन ट्रक की टक्कर से छह रैलिंग टूटकर सड़क पर बिखर गई। आज सुबह लगभग 6 बजे हुए इस हादसे के बाद ट्रक रेलिंग लगे हिस्से में जाकर धंस गया। हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। ट्रक को निकालने के लिए क्रेन वाहन बुलाई गई और काफी मशक्कत के बाद ट्रक को निकाला गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे के बाद ट्रक तिरछी हो गई थी और राजनांदगांव रायपुर मार्ग पर कुछ देर जाम लग गया था। इसके बाद क्रेन की मदद से ट्रक को थोड़ा किनारे किया गया। जिससे यातायात बहाल हुआ।

**गुजरात से रायपुर जा रही थी ट्रक** : हादसे को लेकर ट्रक चालक मुकेश रैबारी ने बताया कि गुजरात से आयरनओर भरकर रायपुर ले जाया जा रहा है। सड़क पर बैठी गाय को बचाने के फेर में उक्त हादसा हो गया।

## हुडदंग करने वालों के साथ वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

असामाजिक तत्वों के खिलाफ की जा रही धरपकड़ कार्रवाई के तहत पुलिस ने मोहल्ले में हुडदंग करने के मामले में आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की। वहीं दो गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्रांतर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक संतोष मरकाम 23 साल निवासी बसंतपुर के विरूद्व धारा 170, 126, 135(3) बीनएसएसएस के तहत कार्रवाई किया गया तथा अभियान के तहत गिरफ्तारी वारंटी भागवत नेताम उर्फ



पंडा 19 साल निवासी ढीमरपारा, तामेश्वर यादव 22 साल निवासी बंगाली चाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी एवं अनावेदक को संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंटी एवं अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।






## खबर संक्षेप

### चिंता को नंबर वन किसान का खिताब



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम पंचायत मचानपार के पूर्व सरपंच चिंताराम साहू को नंबर वन किसान का ख़िताब मिला है। उन्हें यह ख़िताब एक साल में तीन फ़सल का उत्पादन करने पर पंचायत ने स्वाधीनता दिवस के मौके पर प्रदान किया। श्री साहू के सम्मानित होने पर पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक जनों और ग्रामीणों ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हे बधाई दी है।

### बच्चों ने बनाया सुंदर रंगोली



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर प्रधानपाठक धनुषराम कंवर के मार्गदर्शन में बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना एवं देश भक्ति गीत कविता की प्रस्तुति दिए। बच्चों ने रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला, उत्सव एवं संस्कृति को उकेरने का सुंदर प्रयास किया। बच्चों के प्रयास की संकुल प्राचार्य जैन मेडम एवं संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार ने सराहना की है।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

**एलबीनगर।** प्राथमिक शाला सेनडोंगर में विगत दो वर्षों में कक्षा पाँचवी उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उपसरपंच रामाधार ओझा एवं अतिथियों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह पुरुस्कार शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े द्वारा अपने पिता स्व. कृपाराम खोब्रागढ़े की स्मृति में छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। इस दौरान शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष माखन कोसरिया, चतुरराम ओझा, धुर्वाराम ओझा, राम्हूराम, प्रधानपाठक सुधाकर धरमगुड़े, वीरसिंह, कुशलराम, चमेलीबाई, वीणा आदि उपस्थित थे।



### उप सरपंच ने किया विद्यार्थियों का सम्मान

**मुसरा।** ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में उपसरपंच भागवत वर्मा ने गत दिनों प्राथमिक शाला की कक्षा पहली से पांचवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो, कापी, पेन भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजकुमार चंद्रवंशी, शिक्षक राजेश्वर यादव, संजय वर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामचरण गोंड, जीवन वर्मा, कृष्णा यादव, प्रिया यादव, नीलम यादव, सगनी गोंड, बृजलाल वर्मा, सुखचरण ठाकुर, ऋषि वर्मा, अवधराम यादव, आत्माराम यादव, गुलाब वर्मा, सालिकराम वर्मा, हीराराम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### ऑनलाइन बस ट्रैकिंग सेवा आरंभ

**डोंगरगढ़।** यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोधी ट्रेवल्स ने आनलाइन बस ट्रैकिंग सेवा आरंभ किया है। इस सुविधा से यात्री अब अपने सफ़र को रियल-टाइम में ट्रैक कर सकेंगे। इससे यात्रा आसान, सुरक्षित और पारदर्शी होगी। इस अवसर पर लोधी ट्रेवल्स के विष्णु लोधी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सफ़र को आधुनिक, सुरक्षित और विश्वासपूर्ण बनाया जाए।




### घोटिया में राजीव गांधी को किया याद

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस एवं गोविंदा मंडली घोटिया ने जंयती के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया। राजीव युवा मितान क्लब, गोविंदा टोली की उपस्थिति में कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने पूजा अर्चना किया। इस दौरान बिसनाथ कंवर, गोविंद पड़ोटी, दिनेश उईके, पुनीत कंवर, धनुष सोरी, रामकुमार, विशेषर कंवर, शिवकुमार, टिकेश मंडावी, इंद्रेश सोरी, मलेश, राकेश मंडावी नरेश उईके, टाकेश, ईश्वरी कंवर, लखन विश्वकर्मा, ओमकुमार सोरी, रामदयाल, तीजकुमार, गुलशन, होमलाल, गणेशु कंवर, पेमन यादव, कमलेश, विजय, जनेश्वर, लामेश आदि मौजूद थे।



### आचार्यश्री के अपमान का विरोध

**डोंगरगढ़।** जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के खिलाफ की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए विश्व हिन्दु परिषद और बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। सांसद प्रतिनिधि एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष तरुण हथेल ने कहा कि आचार्य श्री पर सभी धर्मों के लोग निष्ठा का भाव रखते हैं एवं पूज्य गुरुदेव भी सभी इंसानों पर समान रूप से करूणा का भाव रखते थे। आचार्य श्री देह त्याग कर डोंगरगढ़ की धरती को विश्व पटल पर अमिट कर दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्र संत का दर्जा प्राप्त आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के विरुद्ध सागर निवासी संतोष जैन पटना वाले ने अभद्र एवं अपमानजक टिप्पणी की जिसका विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल विरोध करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर कठोर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर तरुण हथेल, जवाहर विश्वकर्मा, विक्की महोबिया, राजेश गजभिए, भागचंद जांगड़े, अनिल करोड़ी, हर्षपाल सिंह, चन्द्रिका सिंह, रामविलास सिंह उपस्थित थे।



## पूर्व विधायक के नेतृत्व में बीईओ कार्यालय का घेराव

# शिक्षक की कमी पर भड़के ग्रामीणों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम जंतरगुंडरा के ग्रामीणों ने बुधवार को प्राथमिक शाला में शिक्षक की कमी को लेकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने पूर्व खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था नहीं होगी तब तक वह आंदोलन स्थल से नहीं उठेंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि जंतरगुंडरा प्राथमिक शाला में 60 से अधिक बच्चे हैं, लेकिन स्कूल मात्र एक प्रधान पाठक के भरोसे चल रहा है। शिक्षिक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई बार स्कूल समय से पहले बंद हो जाता है जिसकी जानकारी पालकों को नहीं होती। उन्होंने बताया कि स्कूल के सामने तालाब है जो बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।



### सरकार ने किया वादाखिलाफी

पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार ने 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। नई भर्ती से बचने के लिए युक्तियुक्तकरण लागू किया गया, जिसकी वजह से कई स्कूलों में शिक्षक की भारी कमी बनी हुई है।

### ग्रामीणों ने दी चेतावनी

जिला शिक्षा अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया किन्तु ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में फिर बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़ हुआ तो वह पुनः आंदोलन करेंगे और इस बार तंबू गाड़कर शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

### महीनों से शिक्षक गैरहाजिर

बीईओ की समझाइश देने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने और वह जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को देखते हुए डीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका, जो बिना अनुमति लगातार अनुपस्थित है, उनके खिलाफ जांच की जाएगी। तत्काल व्यवस्था के तहत अतिरिक्त शिक्षक भेजा जाएगा। डीईओ ने संकुल समन्वयक और बीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल में एकल शिक्षक की स्थिति न बने। यदि कोई शिक्षक अवकाश पर हो तो उसके स्थान पर तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

# इस दीवाली हर घर पहुंचेगी खुशियां

## प्रधानमंत्री की घोषणा स्वागत योग्य

- जीएसटी स्लैब बदलने से आएगा आर्थिक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



सीए हिना मंगल जैन ने जीएसटी स्लैब में बदलाव की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार का यह निर्णय आम लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने वाला साबित होगा और इससे लोगों को मंहगाई से राहत मिलेगी साथ ही देश की अर्थव्यवस्था नई गति पकड़ेगी।

मंडल भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती जैन ने कहा कि 2017 से जीएसटी लागू किया गया है। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर सुधार हो सकता है जिससे कई वस्तुओं पर लगने वाला कर घट जाएगा जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। श्रीमती जैन ने बताया कि जिन उत्पादों पर वर्तमान में 12 फीसदी कर लगता है, उनमें से 99 प्रतिशत उत्पाद 5 प्रतिशत स्लैब में आ सकते हैं। इसी तरह 28 प्रतिशत श्रेणी की लगभग 90 फीसदी वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में लाई जा सकती हैं जिससे रोज़मर्रा की उपभोक्ता वस्तुओं पर कर दरों में भारी कमी आएगी।

### इनके दाम होंगे कम

उन्होंने बताया कि जिन उत्पादों के सस्ते होने की उम्मीद है, उनमें चीनी, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, स्नैक्स, साबुन, टूथपेस्ट, शैम्पू, हेयर ऑयल, टूथब्रश, रेडीमेड कपड़े, जूते-चप्पल, स्टेशनरी, छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिटर्जेंट और रसोई के बर्तन शामिल हैं। वहीं तंबाकू, पान मसाला और ऑनलाइन गेमिंग जैसी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत का नया जीएसटी स्लैब प्रस्तावित किया गया है जिससे यह और महंगे हो जाएंगे।

### व्यवसाय को मिलेगी संजीवनी

सीए जैन ने कहा कि इस बदलाव से कई सेक्टरों को बड़ा फायदा होगा। एफएमसीजी उद्योग, कपड़ा और गारमेंट सेक्टर, जूता-चप्पल उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण क्षेत्र, होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय, खुदरा और थोक व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा। इससे छोटे दुकानदारों और उद्यमियों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में भी महंगाई कम होगी और खपत बढ़ेगी। अंत में श्रीमती जैन ने कहा कि यह निर्णय दीवाली के मौके पर हर घर की खुशियां देने वाला होगा।

## शताब्दी वर्ष की तैयारी तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से विगत दिनों ओमेश्वर देशमुख का आगमन हुआ। उन्होंने एवं गोराप्रसाद साहू, उपजोन सह समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहला, गायत्री शक्तिपीठ अंबागढ़ चौकी, गायत्री प्रज्ञापीठ ठेलकाडीह, गायत्री शक्तिपीठ सहसपुर लोहारा, गायत्री शक्तिपीठ कवर्धा एवं गायत्री प्रज्ञापीठ जंतर का दौरा किया।उन्होंने कार्यकर्ताओं को अखंड दीपक, वंदनीय माता के जन्म शताब्दी वर्ष के लिए समयदान सुनिश्चित करने, प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका के विस्तार,समूह साधना एवं नियमित स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया। प्रतिनिधियों ने भोरमदेव के प्राचीन शिव मंदिर का दर्शन भी किया।

## राज्य में 17 सितंबर से चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के अनेक राज्यों में संचालित हो रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना है, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 28 जिलों, 128 विकासखंडों और 6 हजार 650 आदिवासी बहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान के संचालन हेतु ग्राम स्तर पर 1 लाख 33 हजार से अधिक कैडर एनजीओ, स्वयंसेवी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं सेवाभावी संगठन तैयार किए जाएंगे।

# जर्जर भवन को किया धराशायी

- सालों पुराने भवन में आ गई थी दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ग्राम पंचायत मुसरा कला स्थित पुरानी धर्मशाला जो खंडहर में तब्दील हो चुकी थसी को सरपंच गायत्री टेम्भुरकर ने अनुविभागीय अधिकारी के आदेश पर विखंडित किया। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रिटिश शासन काल में किसी ने धर्मशाला बनवाकर ग्रामीणों के सामाजिक उपयोग के लिए दिया था। यहां लगभग 50 वर्षो तक स्कूल संचालित किया गया। पिछले चार दशकों से यह भवन खंडहर हो चुका था। अनगिनत दरारें आने के कारण जान मॉल की क्षति होने की आशंका बनी हुई थी। लोग यहां कचरा डालकर गंदगी फैला रहे थे। इस खंडहर भवन को पिछले दस साल से तोड़ने की कोशिश की जा रही थी लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। वर्तमान सरपंच के प्रयासों से जर्जर भवन को गिराया गया।



### होगा व्यवसायिक परिसर निर्माण

सरपंच श्रीमती टेम्बुलकर ने बताया कि जर्जर भवन को तोड़ने के बाद व्यवसायिक भवन बनाने की प्रयास किया जाएगा ताकि आर्थिक दृष्टिकोण से पंचायत मजबूत हो सके।

# छात्राओं को दी बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरडुवा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, स्नेह सर्वोदय बालिका गृह, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीडन, कार्य स्थल में लैंगिक उत्पीडन, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर बुलिंग, आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता 2023, साइबर ग्रुमिंग, सोशल मीडिया में होने वाले समस्या, यौन शोषण, लैंगिक उत्पीडन, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, फर्जी वीडियो कॉल, फर्जी आईडी से फ्रेंडशिप फेसबुक या इंस्टा, साइबर स्टाकिंग, एपीके एप्प, वर्क फॉर्म होम, ऑनलाइन जॉब, सोशल मीडिया में प्राइवेट, ऑनलाइन ठगी, साइबर क्राइम का नेशनल हेल्प लाइन नंबर 1930 विषय पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के राजनांदगांव ग्रामीण-2 की परियोजना अधिकारी विमला शर्मा, सुपरवाइजर अंजू प्रभा ठाकुर, इंदु कपूर टंडन, अर्चना ध्रुव, दिशा शिंदे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिला मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी, जेंडर विशेषज्ञ, नवा विहान से महिला संरक्षण अधिकारी विद्या मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष की पूर्णता के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिले के शासकीय स्कूलों में बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों के विकास के सफर को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। जिले के शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल तथा हायर सेकंडरी के स्कूली छात्र-छात्राओं ने रूचि के साथ छत्तीसगढ़ विकास के सफर को देखा। जिसके अंतर्गत स्कूली बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश की विकास यात्रा, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, विभिन्न क्षेत्र में शासन द्वारा लोकहित में किए जा रहे कार्य तथा देश में छत्तीसगढ़ राज्य की अलग पहचान बनने की गौरव गाथा को फिल्म के माध्यम से जानकारी दी गई। जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के 349 शासकीय स्कूलों के 21828 बच्चों ने देखा।

## नेहरू कॉलेज में महिला स्व-रोजगार पर कार्यशाला

# हाईटेक टेक्निक अपनाने से आत्मनिर्भरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान अंतर्गत पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला महिला स्व-रोजगार पर केंद्रित है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पौधा भेंट कर किया गया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में वक्ता के रूप में चंद्रभान मन्नाडे उपस्थित थे। श्री मन्नाडे ने महिला स्व-सहायता समूह, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री खाद्य उन्नयन योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम, लखपति दीदी योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में नैस्कॉम रीजनल हेड के. श्रीनु ने डिजिटल डेवलपमेंट की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि ई-कॉमर्स, फिट कॉमर्स, ओला, रैपिड आईडी जैसी आधुनिक तकनीकें जीवन को सरल बनाती हैं और इनकी जानकारी महिलाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर सकती है। उन्होंने बताया कि मांग और पूर्ति में संतुलन स्थापित करना सीखना आवश्यक है।



### योजनाओं से कराया अवगत

महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक मोनिका सुकतेल ने अपने जीवन संघर्ष और अनुभवों को साझा करते हुए विभागीय योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महिला स्वरोजगार आदि की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन डॉ. नौशीन अंजुम, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा ने किया।

### 60 छात्राएं लाभांवित

कार्यशाला के द्वितीय दिवस लाइफ एडवाइजर पूनाराम सिन्हा ने छात्राओं को बीमा क्षेत्र में कैरियर निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि जीने के लिए धन आवश्यक है और धन प्राप्त करने हेतु कैरियर निर्माण जरूरी है। कैरियर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना, रुचि के कार्य को चुनना और सतत प्रयासरत रहना आवश्यक है। बीमा क्षेत्र में कार्य का समय बंधनमुक्त है और यह स्वयं का कार्य है। बीमा सखी योजना छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे वह अपना कैरियर बना सकती हैं। उषा कार्यक्रम आरआर कोचे ने बताया कि बीमा क्षेत्र में रोजगार और विकास की अपार संभावना है। इस दौरान डां नीता राजपूत, डा सपना परिहार, अनिता मिंज सहित छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. नीता राजपूत तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आशा चौधरी ने किया।

## विद्यार्थियों ने निकाला नशा मुक्ति रैली




**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एकेधमगाये के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रियांकी गजभिए ,डॉ.आशाराम साहू के निर्देशन में सदभावना दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती को सदभावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर से नशा मुक्ति रैली निकाली गई। छात्र छात्राओं ने नशे से होने वाली नुकसान के संबंध में लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य ने सदभावना की शपथ दिलाया।महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो बी महोबिया प्रो गौतम कुमार नेताम, शिवनाथ देवांगन, चंदू वर्मा, आशा वर्मा, अतिथि शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने सदभावना की शपथ ली।

## खबर संक्षेप

### वीरांगना रानी को किया नमन



**सड़क अतरिया।** ओटेबंद में शनिवार को वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। समाज एवं ग्रामीणों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया। इस मौके पर ज्योति जंघेल ने कहा कि वीरांगना का साहस और समर्पण समाज के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है। कामदेव जंघेल ने रानी के संघर्ष और त्याग से भरे जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, प्रियंका जंघेल, अवध जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, तामेश्वर जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### बच्चों को करवाया गया सामूहिक भोजन



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत दुल्लापुर के सचिव रेखचंद महिलांगे ने अपनी माता श्रीमती मीना महिलांगे के दशगात्र कार्यक्रम के अवसर पर एक अनोखी पहल की। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला सेतवा और दुल्लापुर के बच्चों के लिए संयुक्त रूप से नेवता भोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को खीर, पूरी, दाल-चावल, भिंडी की सब्जी, पापड़ और सलाद परोसा गया। यह आयोजन मृतक के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ-साथ बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने का एक सराहनीय प्रयास था। इस नेक पहल में संकुल समन्वयक योगेंद्र सिंह कश्यप, प्रधान पाठक तोक राम सिन्हा, प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार कोसरिया, शिक्षक हेमराय भारती और प्रदीप कुमार चौधरी सहित सरपंच बलराम पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सभापति ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरबना में बुधवार को जनपद सदस्य एवं सभापति डोमार सिंह भेड़िया के मुख्य आतिथ्य में 24 लाख से बनने वाले महतारी सदन एवं चार लाख के शौचालय निर्माण का भूमिपूजन किया गया। भवन निर्माण को लेकर महिलाएं काफी हर्षित है। इस मौके पर डोमार सिंह ने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाने का काम जारी है। महिला समूह एवं ग्रामीण महिलाओं को सुविधा पहुंचाने के लिए योजना के तहत सर्वसुविधा युक्त भवन का निर्माण हो रहा है। जिससे स्थानीय सहित आस पास के महिलाओं को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि तिजे राम धुर्वे, डिलेशवर अचिंत, पंच टेकेन्द नायक, धनसाय साहू, गौकरन जंघेल, मोरध्वज, धनेश साहू, ललित जंघेल, गंगा नायक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### रैंप योजना, उद्योग व बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम

**खैरागढ़।** उद्योगों की वित्तीय पहुंच बढ़ाने, स्व-रोजग़ार को प्रोत्साहित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रैंप राइजिंग और एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना अंतर्गत उद्योग व बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने और उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम मे जिले के उद्यमियों, महिला उद्यमियों और नव व्यवसाय प्रारंभ करने के इच्छुक युवाओं को बैंकों के अधिकारियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिला। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, क्रेडिट गारंटी योजना व अन्य वित्तीय सहयोग संबंधी योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों व सीए द्वारा दी गई।

### तेरह साल के कथा वाचक को सुनने उमड़ रही भीड़

**खैरागढ़।** तेरह साल के बाल कथा वाचक और व्यास पीठ पर विराजे धीरेंद्र महाराज को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पांडादाह पहुंच रहे है। जिले के सबसे प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ पर काबिज कथावाचक मात्र 13 वर्षीय बाल व्यास धीरेन्द्र महाराज वृंदावन धाम के श्री मुख से श्रद्धालु भगवान कृष्ण की कथा श्रवण करा रहे है। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में भगवान की कथाओं की झांकियां भी प्रस्तुत की जा रही हैं। कथा के द्वितीय दिवस पर कथावाचक बाल व्यास धीरेन्द्र महाराज ने भगवान अवतार और सुखदेव जन्म की कथा का श्रवण श्रोताओं को कराया। ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में दिलीप शर्मा राजनांदगॉव, फूलचंद मौर्या, कमलेश तिवारी खैरागढ़, दिलीप श्रीवास्तव, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया ने कथा वाचक का सम्मान किया। सनातन धर्म के महाकुंभ रूपी आयोजन मे श्रद्धालुओ की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है।

### कृषि सांख्यिकीय योजनाओं का सालाना प्रशिक्षण

**खैरागढ़।** भू-अभिलेख शाखा के तत्वावधान में संभाविक न्यादर्श पद्धति से प्रधानमंत्री फसल कटाई प्रयोग सहित अन्य कृषि सांख्यिकीय योजनाओं का वार्षिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छग से पदस्थ पर्यवेक्षक फसल प्रयोग आरके चौधरी, संगणक चन्द्रशेखर सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राजस्व निरीक्षक, पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को फसल प्रयोग की विधि, आंकड़ा संकलन के अलावा रिपोर्टिंग संबंधी दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख रेणुका रात्रे, तहसीलदार आशीष कुमार देवहारी, तहसीलदार भूपेन्द्र नेताम व प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा गजानंद ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विधायक की पहल पर बुंदेली, अकरजन को मिला तोहफ़ा



**खैरागढ़।** महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की अनुशंसा पर उप मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने छुईखदान ब्लाक के बुंदेली और खैरागढ़ ब्लाक के अकरजन में महतारी सदन निर्माण के लिए 30-30 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि विधायक वर्मा ने अपने हालिया दौरे के दौरान मितानिन व बिहान क्लस्टर सम्मेलन में ग्रामीण महिलाओं से मुलाकात कर महतारी सदन निर्माण की घोषणा की थी। विधायक वर्मा ने कहा कि महतारी सदन बनने से इन क्लस्टर के महिला स्व-सहायता समूहों को बैठकें करने, कार्यक्रम आयोजित करने और गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह महिला समूहों की संगठित ताकत को और मजबूत करेगा। विधायक वर्मा ने उप मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस संवेदनशीलता के साथ महिलाओं के लिए उन्होंने इस कार्य को स्वीकृति दी है, उसके लिए धन्यवाद के पात्र है। महिला समूह सदस्यों का कहना है कि महतारी सदन उनके लिए संगठन और प्रगति का सशक्त मंच साबित होगा।

## सरकार की अनदेखी पर एनएचएम कर्मचारियों का आक्रोश

# दूधमुंहे बच्चों संग हवन-पूजन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत काम कर रहे कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी अंबेडकर चौक पर जारी रही। धरना स्थल पर हड़ताली कर्मचारियों ने वेद-मंत्रों के बीच हवन-पूजन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया और दस सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की गुहार लगाई।

धरना स्थल पर बड़ी संख्या में सीएचओ और जेएसए कर्मचारी अपने छोटे बच्चों के साथ पहुंचे कर्मचारियों का कहना है न बीमा, न पेंशन, नौकरी करते-करते टेंशन। कब क्या हो जाए, कोई भरोसा नहीं। नियमितीकरण वेतनवृद्धि और सेवा शर्तों में सुधार उनकी प्रमुख मांग है। कोरोना काल में उन्होंने जान जोखिम में डालकर सेवा दी, लेकिन सरकार ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। इससे पहले विरोध जताने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, मंत्री ओपी चौधरी और मंत्री केदार कश्यप के मुखौटे पहनकर प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### आंदोलन तेज करने बनाई जाएगी रणनीति

संघ के जिला अध्यक्ष डॉ मोहन साहू और उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों को लंबे समय से नियमितीकरण ग्रेड पे पब्लिक हेल्थ कैडर और वेतन वृद्धि जैसी बुनियादी मांगों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है लेकिन सरकार अब तक ठोस पहल नहीं कर पाई। सरकार ने बार-बार आश्वासन दिया लेकिन अमल नहीं किया। अगर हमारी मांगें अनसुनी रहीं तो आने वाले चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एनएचएम कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन खैरागढ़ में 23 अगस्त तक चलेगा। इसके बाद रायपुर में बड़े पैमाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल को और तेज करने की रणनीति बनाई जाएगी।

# फार्मर आईडी नहीं होने पर किसान नहीं बेच पाएंगे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



क्षेत्र के सभी सोसायटियों में किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पंजीयन एवं संशोधन कार्य जारी है। वही किसानों को एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के लिऐ 31 अगस्त तक की मियाद तय है। समय सीमा के अंदर सोसायटी के सभी पंजीकृत किसानों को इस पोर्टल में पंजीयन कराना होगा। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित रह जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि शासन के एग्री स्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आइडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। सोसायटी के सभी पंजीकृत किसानों को इस पोर्टल पर अपना आधार नम्बर, पेन नम्बर, कृषि भूमि की जानकारी, फसल आदि की जानकारी के साथ पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। जिससे किसानों को अपना धान समर्थन पर बेचने, बीमा क्लेम, खाद, नकदी आदि पाने में सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के सभी सोसायटी में किसानों को इसकी जानकारी देकर पोर्टल पर फार्मर आइडी बनाने कहा जा रहा है। कुकुरमुडा अतरिया के समिति प्रबंधक रोहित साहू ने बताया कि सभी पंजीकृत किसानों को पोर्टल पर फार्मर आइडी बनाना अनिवार्य है। इससे किसानों को काफी सुविधा मिलेगी तथा आइडी नहीं होने पर किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पायेंगे। सरकारी योजना के लाभ से भी वंचित रह सकते हैं। सोसायटी के सभी किसानों को पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने कहा जा रहा है। कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने भी बताया कि सरकार पोर्टल पर किसान का आइडी होना जरूरी है। अन्यथा लाभ से वंचित रह जायेंगे।

### अप्रुवल की समस्या

क्षेत्र के कुछ किसानों ने बताया कि उन्होंने फार्मर आइडी में आवेदन किया हुआ है, परन्तु पोर्टल में अप्रुवल नहीं मिलने के कारण उनका आइडी नहीं बन पा रहा है। जिसके चलते उनका धान पंजीयन में भी समस्या आ रही है। ऐसे किसानों को विभाग से संपर्क कर समस्या का त्वरित निराकरण करा कर आइडी बनाने का सलाह दिया जा रहा है, ताकि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान बेचने में सहूलियत होगी।

## कलेक्टर से मिली गुंजन, दी शुभकामनाएं



**खैरागढ़।** नगर की प्रतिभाशाली छात्रा और नेशनल लेबल की फुटबॉल खिलाड़ी गुंजन साहू ने एमबीबीएस में चयन बाद कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल से भेंट कर अपनी सफलता साझा की। कलेक्टर ने गुंजन को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि उनकी मेहनत जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणाश्रोत है। वाहन चालक लुनकरण साहू की पुत्री गुंजन ने बिना किसी कोचिंग संस्था की मदद लिए घर पर ही तैयारी कर सफलता हासिल की है। सरस्वती शिशु मंदिर से दसवीं में 94.6 प्रतिशत और बारहवीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बाद लगातार परिश्रम करते हुए उन्होंने दिन में 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। नीट परीक्षा में उन्होंने छग राज्य में सामान्य वर्ग में 547 वा और ओबीसी वर्ग में 237 वा रैंक हासिल करने पर उसका चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में जनरल कैटेगरी से हुआ है। शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा खेल जगत में भी अपनी उपलब्धियों से गुंजन शहर का गौरव बढ़ा चुकी हैं। वह राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल चुकी हैं और 2019 में कुरुक्षेत्र में आयोजित विद्या भारती अंडर-19 नेशनल स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी टीम को जीत दिलाई थी। गुंजन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बड़े पापा हरिराम साहू को शैक्षणिक मार्गदर्शन और जिला खेल अधिकारी कन्हैया पटेल, कोच जमीर कुरैशी को खेल क्षेत्र में सहयोग देने के लिए दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों में उनकी रुचि रही है और अब उनका सपना साकार हो रहा है। उनकी सफलता पर न्यू दंतेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब ने भी बधाई दी है।

# लमती नदी पर 242 करोड़ के बांध का विरोध

## विधायक संग कलेक्टोरेट पहुंचकर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

लमती नदी पर 242 करोड़ 77 लाख की लागत से प्रस्तावित बांध को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 13 अगस्त को इसका भूमिपूजन किया था, लेकिन अब ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया है।

वनाचंल के ग्राम लछनाटोला, बोरला, महुआढार, कटेमा और दल्लीखोली के सैकड़ों ग्रामीण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल और सरपंच कमलेश वर्मा के साथ कलेक्टोरेट पहुँचे जहां उन्होंने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बांध बनने से उनकी पुश्तैनी जमीन, मकान और आजीविका डूबान क्षेत्र में आ जाएगी। इससे न केवल उन्हें बेघर होना पड़ेगा बल्कि बच्चों की शिक्षा भी बाधित होगी। उनका आरोप है कि बिना जानकारी और सहमति के प्रशासन ने मुख्यमंत्री से भूमिपूजन करा दिया।

### भदरीखोल इलाके में बांध बनाने की मांग

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, सरपंच सहित ग्रामीणों ने प्रशासन को सुझाव दिया कि यदि बांध बनाना ही है तो इसे भदरीखोल इलाके में शिफ्ट किया जाए जहां ग्रामीणों को कोई नुकसान नहीं होगा। यह इलाका सुरक्षित और समतल क्षेत्र है जहां क्षेत्र के किसानों की बहुतायत में जमीन नहीं है और आवास भी नहीं है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की बातों और मांग को गंभीरता से सुनते हुए जल संसाधन विभाग को दुबारा सर्वे करने और सर्वे कार्य में ग्रामीणों को शामिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले ग्रामीण जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से भी मिले और योजना में संशोधन कर सहयोग मांगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल उनकी जमीन-जायदाद का सवाल नहीं है बल्कि अस्तित्व और भविष्य की सुरक्षा का भी प्रश्न है।

### पुरजोर विरोध करेंगे

बांध के निर्माण को लेकर ग्रामीणों की सहमति नहीं ली गई है, यह सरासर ग्रामीण और किसानों के हितों को कुचलने वाला कदम है जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे और जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन भी करेंगे।

**- हर्षिता स्वामी बघेल,** विधायक डोंगरगढ़

### सहमति से होगा निर्माण

ग्रामीणों की मांग अनुरूप गांव जाकर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को पुन: सर्वे के लिए कहा गया है, योजना क्षेत्र के ग्रामीणों के हित के लिए है, सहमति से ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

**- इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल,** कलेक्टर

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी नाराजगी जताते हुए कहा है कि ग्रामीणों की सहमति के बिना यह परियोजना कैसे शुरू हो सकती है। पहले भी प्रधानपाठ बैराज के समय लछना गांव डूबान क्षेत्र में आ गया था और शासन के करोड़ों रुपये खर्च कर ग्रामीणों को विस्थापित कर लछनाटोला गांव बसाया है अब यह नया बांध उस नए गांव को फिर से डूबा देगा।

# मितानिनों का प्रदर्शन, मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी



**खैरागढ़।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ व प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर मितानिनों ने रैली निकालकर ताकत दिखाई। दंतेश्वरी मंदिर से निकली रैली में लगभग दो हजार से अधिक मितानिन हाथों में बैनर-पोस्टर और नारा लगाते कलेक्टोरेट पहुंची।

रैली का समय दोपहर ढाई बजे तय था लेकिन मितानिन एक घंटे पहले ही सड़क पर उतर गईं जिसके चलते मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। स्थिति को संभालने मौके पर थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने पहुंचकर मितानिनों को सड़क से एक किनारे कर यातायात बहाल कराया। कलेक्टोरेट मे मितानिन प्रतिनिधियों ने अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर को मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को तुरंत पूरा किया जाए और मितानिन कार्यक्रम का संचालन सीधे शासन द्वारा किया जाए। जमकर नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश की 72 हजार मितानिन सड़कों पर उतरेंगी। चरणबद्ध आंदोलन में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव और प्रदेशव्यापी चक्काजाम शामिल होगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेखा बैस, धनेश ओगरे, तरुण साहू, पूर्णिमा साहू, सुनीति गिरिया, कांति साहू, कांति तापड़िया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दूषित पानी से फैला डायरिया, विधायक के गृहग्राम देवारीभाठ के चार दर्जन भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- सिविल अस्पताल में इलाज जारी



विधायक के गृहग्राम देवारीभाठ में दूषित पानी से बीमारी फैलने का खतरा गहरा गया है। बीते तीन दिनों में गांव के करीब 40 लोग उल्टी-दस्त की चपेट में आ चुके हैं। सबसे अधिक मरीज खैरागढ़ सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां बेड की कमी के कारण कई को ओपीडी से ही दवा देकर छुट्टी करनी पड़ी जबकि कुछ को प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेना पड़ा। गांव में नल-जल योजना की पाइपलाइन नालियों से होकर गुजरने और ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पाइप में छेद कर कनेक्शन लेने से नाली का दूषित पानी सीधे घरों तक पहुंच रहा है। बारिश में स्थिति और भयावह हो गई है क्योंकि नालियों और खेतों का पानी गलियों में घुटनों तक भर रहा है। लोगों का कहना है कि विधायक के गृहग्राम में भी स्वच्छ पेयजल और नाली व्यवस्था की मूलभूत सुविधा नहीं है जिसका खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने हालत को देखते हुए गांव में विशेष शिविर लगाकर मरीजों का उपचार शुरू कर दिया है।

# मुहडबरी में कलेक्टर ने किया डिजिटल फसल सर्वे का निरीक्षण



**खैरागढ़।** प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत राज्य में एग्री-स्टैक परियोजना संचालित हो रही है, जिसके तहत मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मुंहडबरी पहुंचकर वहॉ सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मोबाइल ऐप से हो रही डेटा प्रविष्टि की जानकारी ली और सर्वेयरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सर्वेयरों से स्पष्ट कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का डाटा पूरी शुद्धता और पारदर्शिता के साथ दर्ज करने के अलावा कार्य को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। गौरतलब है कि जिले में खरीफ 25-26 की फसलों का डिजिटल सर्वे 15 अगस्त से शुरू हुआ है, जिसे 30 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में कुल 650 सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं, जो अलग-अलग तहसीलों के गांवों और खसरा संख्याओं के आधार पर सर्वे कर रहे हैं। खैरागढ़ तहसील के 192 गांवों में 2 लाख 71 हजार से अधिक, छुईखदान तहसील के 84 गांवों में 1 लाख 25 हजार से अधिक, गंडई तहसील के 71 गांवों में 78 हजार से अधिक खसरों और साल्हेवारा तहसील के 22 गांवों में 11 हजार 500 से अधिक खसरों के सर्वे को मिलाकर जिले के 494 गांवों में से 369 गांवों में 3 लाख 50 हजार 935 खसरों का डिजिटल सर्वे होना है। अब तक जिले में 2 हजार 392 खसरों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। प्रशासन ने सभी सर्वेयरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाते हुए समय पर सर्वे कार्य पूरा करें।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**ईश्तहार**

क्र. / 4096/ अविअ/ प्रवा.-3/ 2025

राजनांदगांव, दिनांक 13.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सफायर इस्पात प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल पिता मदन लाल अग्रवाल, निवासी समता कॉलोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम महरूमखुर्द, पटवारी हल्का नंबर 14, खसरा नंबर **ग्राम - महरूमखुर्द**

| क्र. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 1 | 748 | 0.5830 |
| 2 | 749 | 0.5260 |
| 3 | 752 | 0.4450 |
| 4 | 759/4 | 0.0810 |
| 5 | 764/1 | 0.0610 |
| 6 | 764/2 | 0.0610 |
| 7 | 764/3 | 0.0610 |
| 8 | 764/4 | 0.0600 |
| 9 | 765/1 | 0.0360 |
| 10 | 765/2 | 0.0370 |
| 11 | 765/3 | 0.0360 |
| 12 | 770/3 | 0.2020 |
| 13 | 770/4 | 0.4050 |
| | योग | 2.5940 |

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27.08.2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारण अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**




**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**ईश्तहार**

क्र. / 4095/ अविअ/ प्रवा.-3/ 2025

राजनांदगांव, दिनांक 13.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सफायर इस्पात प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल पिता मदन लाल अग्रवाल, निवासी समता कॉलोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चवरढ़ाल, पटवारी हल्का नंबर 14, खसरा नंबर **ग्राम - चवरढ़ाल**

| क्र. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 1 | 296 | 0.1620 |
| 2 | 297 | 0.4210 |
| 3 | 298 | 0.2630 |
| 4 | 299/1 | 0.4730 |
| 5 | 299/2 | 0.3040 |
| 6 | 312/2 | 0.8950 |
| 7 | 313 | 1.8980 |
| 8 | 314 | 0.9670 |
| 9 | 316 | 0.0730 |
| 10 | 317/1 | 0.1290 |
| 11 | 317/2 | 0.0410 |
| 12 | 318/2 | 0.6430 |
| 13 | 319/2 | 0.6070 |
| 14 | 320 | 0.4620 |
| 15 | 321/2 | 0.0570 |
| 16 | 322 | 0.6880 |
| 17 | 323/1 | 0.2710 |
| 18 | 323/2 | 0.2700 |
| 19 | 324/2 | 0.1210 |
| 20 | 325/1 | 0.1620 |
| 21 | 325/2 | 0.1820 |
| 22 | 325/3 | 0.1010 |
| 23 | 326/2 | 0.4010 |
| 24 | 327/1 | 0.9420 |
| 25 | 327/3 | 0.0810 |
| 26 | 328 | 0.3240 |
| | योग | 10.9380 |

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27.08.2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारण अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**




## सार समाचार

### कर्मियों की लंबित मांगों को उठाया

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के बीच एकजुटता देखने को मिली। बीते दिनों छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने एक अहम बैठक बुलाई। जिसमें सेजेस शिक्षक एवं कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष विकास तिवारी को आमंत्रित किया गया।



शंकरनगर स्थित फेडरेशन कार्यालय में आयोजित बैठक में विकास तिवारी ने सेजेस शिक्षकों और अन्य संविदाकर्मियों की लंबित मांगों को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने इन कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए नियमितीकरण, समान वेतन और अन्य सुविधाओं की मांग को सबके सामने रखा। बैठक में मौजूद सरकारी व्याख्याता तथा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों सहित अन्य संगठनों ने भी उनकी पहल की सराहना की और मांगों का समर्थन किया।

इस दौरान विकास तिवारी ने फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा और अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में कर्मचारियों के हित के लिए सीजीएसटीईडब्ल्यूए पूरी तरह से फेडरेशन के साथ मिलकर काम करेगा।

### तीज मिलन समारोह व सामाजिक सम्मेलन 31 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कलार समाज महिला मंच जिला राजनांदगांव का तीज मिलन समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन में आगामी 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से रखा गया है। देव पूजन के पश्चात खेलकूद का शुभारंभ होगा। जिसमें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत, संगीत पारंपरिक तौर पर किया जाएगा एवं तीज क्वीन चुनना तथा जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला सिन्हा जिला अध्यक्ष, महामंत्री चंद्रा सिन्हा, कोषाध्यक्ष हंसा सिन्हा एवं समस्त जिला के पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला प्रचार मंत्री पवन कुमार सिन्हा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी।

### ममता बनी ब्लॉक अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ राजनांदगांव के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर ममता द्विवेदी को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



उक्ताशय की जानकारी देते जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांकेतरा में पदस्थ शिक्षिका ममता द्विवेदी को संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जवाबदेही दिया गया है। इनके ब्लॉक अध्यक्ष बनने से संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

ममता द्विवेदी के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर हरीश शर्मा, शुशील नारायण शर्मा, सुशील देवांगन, शशांक साहू, चेतन दुबे, सुधीर शर्मा, उमेश टंडन, रितेश दीक्षित, ललित महाजन, शशिकला कठोलिया, चित्ररेखा वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, अंजू लाउत्रे, स्वाति जैन, विनीता जेम्स, चांदनी कंवर, जयकुमार जांगड़े, ममता तिवारी, कल्पना रामटेके, पुनितराम साहू ने बधाई दी है।

### राजीव की जयंती पर रक्तदान

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर रक्तदान देकर मनाया गया। युवा शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई गई। राजीव गांधी द्वारा किए गए देशहित में कार्य आज भी मील का पत्थर है। संचार क्रान्ति भी राजीव गांधी की देन है।



जयंती अवसर पर आज युवा साथियों ने रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्लै, मदन साहू, मामराज अग्रवाल, अमित चंद्रवंशी, बबलू कसार, राजा त्रिपाठी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मानव देशमुख, युवा कांग्रेस जिला शहर महासचिव आफ़ताब अहमद, राहुल गजभिये, रणवीर कंग, पवन राजपूत, अभिषेक सोनकर, शुभम प्रजापति, युवराज पिल्ले, तौफीक खान, यश कुमार, अमित भीमकार, गौरव साहू, रोशन सोनकर एवं अन्य मौजूद रहे।

### निलेश बने राष्ट्रीय महामंत्री व नरेश प्रदेश अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** प्रधान कार्यालय 17 बालाजी मुरलीपुरा जयपुर बजरंग सेना के पद पर 18 अगस्त को नियुक्त किया गया। बजरंग सेना राष्ट्रीय कोर कमेटी व संस्थापक बजरंग सेना प्रमुख पं. अशोक शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भैय्यू भैया की सहमति से संस्कार, नम्रता, हिन्दू समाज के प्रति श्रद्धा और आपके समाज के प्रति सद्भावना को देखते लोगों को इस पद के लिए नियुक्त किया जाता है। जिसमें निलेश सिंह को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं नरेश कोचरे को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। संगठन का प्रमुख उद्देश्य सेवा, शौर्य, सुरक्षा, संस्कार, भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करना, गौ-रक्षा एवं सनातन संस्कृति की रक्षा करना, नशामुक्त राष्ट्र निर्माण करना, समाज में सेवाएं एवं सहायता प्रदान करना, समाज के बिखरे हुए हिन्दूओं को एक करना ही एकमात्र लक्ष्य रहेगा। बजरंग सेना के सदस्यों एवं कार्यकर्तागणों में हर्ष का माहौल है।



### आदिवासी वीर शहीदों की याद में निकली रैली...



**राजनांदगांव।** आदिवासी समाज द्वारा देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले आदिवासी समाज के शूरवीरों और वीरांगनाओं को नमन किया गया और उनकी गौरव गाथा को समाज की नई पीढ़ी तक पहुंचाने शहर में रैली निकाली।

---

पीडब्ल्यूडी की सड़क पर नगर निगम बगैर अनुमति कर रहा था काम, सूचना तक नहीं दी

# डेढ़ महीने से गड्ढा खोदकर छोड़ा, इंजीनियर-अफसरों की लापरवाही से गई युवक की जान, ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कन्हारपुरी वार्ड में मंगलवार की देर रात बाइक सवार एक युवक की निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें निगम के अफसरों एवं संबंधित ठेकेदार की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। कन्हारपुरी वार्ड के लोगों ने बताया कि तिरंगा चौक समीप जंगलेसर मार्ग पर लगभग डेढ़ महीने से पुराने पुलिया को तोड़े जाने के बाद ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा था। जिसके चलते बाइक सवार सीधे गड्ढे में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद वार्डवासियों में नगर निगम एवं ठेकेदार के खिलाफ जमकर नाराजगी भी देखने को मिली। बताया गया कि कन्हारपुरी वार्ड नंबर 34 में बुधवार रात लगभग 11 बजे कन्हारपुरी वार्ड के ही निवासी आकाश साहू अपनी बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। निर्माणाधीन पुलिया खुला हुआ था,। जिसमें उसकी बाइक सीधे गड्ढे में गिर गई। घटना के बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक जिस सड़क की पुलिया में गिरा, उसका निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा कराया जा रहा थाद। जबकि सड़क लोक निर्माण विभाग की थी। घटना की सूचना मिलने पर सुबह महापौर मधुसूदन यादव मौके पर पहुंचे और मृतक के परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



मृतक- आकाश साहू

#### मिल रहा था गंदा पानी

कन्हारपुरी वार्ड के लोगों ने बताया कि नालियां जाम होने की वजह से गंदा पानी तालाब में जाकर मिलता था। जिसको लेकर स्थानीय नेताओं से नाला मरम्मत और निर्माण की मांग की गई थी। इसके बाद पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस पुलिया निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को सूचित भी नहीं किया गया था। जबकि पुलिया पीडब्ल्यूडी की सड़क पर बनी हुई है। इस पुलिया का निर्माण पीडब्ल्यूडी को ही करना था, लेकिन इसका निर्माण कार्य नगर निगम ने शुरू कर दिया।

#### कानूनी कार्रवाई की मांग

युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों में नगर निगम के अफसरों के खिलाफ आक्रोश का माहौल बन गया है। निगम के इंजीनियर एवं ठेकेदार की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य समय पर नहीं होने और युवक की मौत के मामले में वार्ड के लोगों ने नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द काम पूरा करने कहा है और जवाबदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वार्ड के नागरिक ने चेतावनी दी है कि यदि 2 दिन के भीतर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

#### चंद माह पहले हुआ था विवाह

बताया जा रहा है कि लगभग 27 वर्षीय मृतक आकाश साहू का कुछ माह पूर्व ही विवाह हुआ था। मंगलवार की रात वह अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इसके बाद वह घर जाने निकला और इसी सड़क से होकर अपने घर जा रहा था, तभी वह सीधे पुलिया के गड्ढे में जाकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह वार्डवासियों के सहयोग से मृतक की मोटर साइकिल नाले से निकाली गई।

#### पीडब्ल्यूडी पर मेहरबान नगर निगम

ऐसे तो नगर पालिका निगम के पास अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन एवं मानदेय देने की व्यवस्था भी नहीं है, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क और पुलिया को बनाने नगर निगम मेहरबान दिखाई देता है। कुछ महीने पहले ही नगर निगम द्वारा शहर में भाजपा कार्यालय के समीप से पीडब्ल्यूडी की सड़क का निर्माण किया गया था। वहीं अब कन्हारपुरी में पीडब्ल्यूडी की सड़क पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा था।

#### टीएल की बैठक में उठा था मामला

मिली जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ माह से ठेकेदार द्वारा लापरवाहीपूर्वक पुलिया के गड्ढे को खुला छोड़े जाने के मामले को लेकर मंगलवार को ही टीएल की बैठक में कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को मौका मुआयना करने कहा था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर श्री बघेल को मौके पर भेजा गया, जहां उन्होंने संबंधित ठेकेदार के प्रति पीडब्ल्यूडी के बिना अनुमति पुलिया तोड़े जाने को लेकर नाराजगी भी जाहिर की।

#### घटना दुर्भाग्यपूर्ण

घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें कुछ त्रुटि हुई है। कुछ लोगों ने स्टॉपर को हटा दिया था। मृतक के परिजनों के लिए जो उचित हो सकता है, किया जाएगा।

**-मधुसूदन यादव**, महापौर

#### मामले में जांच जारी

पुलिया बनाने के लिए किए गए गड्ढे में मोटर साइकिल सहित युवक गिरा है। जिससे उसकी मौत हो गई है। मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**- राहुल देव शर्मा**, एएसपी

#### जांच पश्चात होगी कार्रवाई

नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य आदेश जारी हुआ था। कहां क्या चूक हुई है, ये परीक्षण करा रहे हैं, जो भी विषय जांच में आएगा उस पर कार्रवाई करेंगे।

**- अतुल विश्वकर्मा**,आयुक्त, ननि

#### बिना अनुमति निर्माण

यह सड़क पीडब्ल्यूडी की है। जिसमें पीडब्ल्यूडी के बिना अनुमति पुलिया निर्माण किया जा रहा था।

**- एसके चौरसिया**, एग्जीक्युटिव इंजीनियर पीडब्ल्यूडी

## बहिष्कार को लेकर प्रतीकात्मक पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के प्रति लोगों में जागरूकता लाने विदेशी वस्तुओं के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया गया। चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के साथ अब ट्रम टैरिफ के चलते अमेरिका के उत्पादों का बहिष्कार भी किया जा रहा है। इन विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार को लेकर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शहर के महाकाल चौक पर विदेशी वस्तुओं के पुतले का दहन किया गया।

स्वदेशी अपनाने राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत चीन और अमेरिका के सामानों को बहिष्कृत करने का आह्वान किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक राजकुमार शर्मा ने कहा कि देश में बने उत्पादों का आमजन उपयोग करें और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उद्यमिता से लाभ होगा और देश तेजी से आगे बढ़ेगा।



#### भारत होगा समृद्ध

स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक राकेश ठाकुर और वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु साव ने कहा कि देश का पैसा देश में ही रहे, इसलिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से भारत आर्थिक रूप से समृद्ध होगा।

#### विदेशी सामान बहिष्कार की अपील

विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए आयोजित इस पुतला दहन के दौरान उपस्थित लोगों ने जब बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लेंगे का नारा दिया। वहीं एक पाम्प्लेट के माध्यम से विदेशी वस्तुओं की सूची लोगों में बांटी और विदेशी सामानों का बहिष्कार करने अपील की।

## कोपेडीह के कांजी हाउस में रखा गया मवेशी मृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टेड़ेसरा से लगे ग्राम कोपेडीह स्थित कांजी हाउस में मवेशी मृत पाया गया। जिनकी जानकारी पूर्व सरपंच द्वारा सीईओ जनपद को दिया गया। मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक द्वारा मुआयना कर मवेशी को गड्ढा खोदकर दफनाने कह दिया गया। मामले की पड़ताल करने जानकारी ली गई। जिसमें उक्त कांजी हाउस में 6-7 मवेशी सप्ताहभर से थे। जिसमें से कुछ मवेशी को रात में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कांजी हाउस से निकालकर कहीं छोड़ दिया गया है। उनमें से 2 मवेशी को नहीं ले जा सके, तो कांजी हाउस के बाहर में छोड़ दिया गया। जिसकी सुबह मृत्यु हो गई।

ग्रामीण विनोद साव ने बताया कि मेरे मवेशी को भी एक रात कांजी हाउस में रखे थे। जिसका 100 रुपए लिए गए हैं। जिसकी कोई रसीद नहीं मिली है। इस प्रकार की घटना स्थानीय प्रशासन की संवेदनशीलता एवं लापरवाही को दर्शाता है। कांजी हाउस संचालन की प्रक्रिया पर सवालिया निशान खड़े करता है। एक तरफ गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की अपील साधु-संतों को करते देखा गया है और दूसरी तरफ पशुपालकों एवं प्रशासन की उदासीनता से गौवंश की भविष्य पर असमंजस बरकरार है।




### निधन

#### अशोक श्रीवास्तव



**राजनांदगांव।** ममता नगर निवासी जेल विभाग से सेवानिवृत अशोक श्रीवास्तव का आज निधन हो गया है। अंतिम यात्रा कल 21 अगस्त को सुबह 9 बजे निज निवास ममता नगर गली नंबर 05 से मुक्तिधाम लखोली के लिए रवाना होगी। स्व. श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव और सुशील श्रीवास्तव के पिता थे।

## बोरी में रखकर अवैध रूप से बेच रहा था शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर के आंगन में बोरी में रखकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 25 नग देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम आरी कोनारी निवासी लोकु बेलदार नामक व्यक्ति अपने घर के सामने ग्राम आरी में अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री कर रहा है।सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल हेतु रवाना होकर मौके घटनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया।

कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर बेचते हुए पकड़ा, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम लोकनाथ बेलदार ऊर्फ लोकु 18 साल निवासी ग्राम आरी का होना बताया, जिसे शराब रखने एवं बेचने के संबंध में नोटिस धारा-94 बीएनएसएस तामिल किया, जिन्होंने अपने पास शराब रखने एवं बेचने के संबंध में कोई वैध कागजात नहीं होना लिखित में दिया।

#### 25 पौवा शराब बरामद

आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 25 पौवा यूनिक देशी मंदिरा कीमती 2000 रुपए बिक्री रकम 120 रुपए को बरामद कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी के विरूद्ध आम नागरिक में आक्रोश व्याप्त होने से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

मांगों को लेकर भाजपा कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

# एनएचएम कर्मियों ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने आज शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे से बाइक रैली निकाली और अपनी मांगों का ज्ञापन भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिला भाजपा अध्यक्ष को सौंपा।



नियमितीकरण, ग्रेड-पे, संविलियन, मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति निर्धारण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने आज अपनी मांगे पूरी कराने के लिए नारेबाजी करते शहर में बाइक रैली निकाली। बड़ी संख्या में जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर एनएचएम कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को सौंपा। इस दौरान उन्होंने अपने ज्ञापन के साथ एक श्रीफल भी भेंट किया और प्रदेश सरकार को एनएचएम कर्मचारियों से किए गए वादे याद दिलाने की अपील की।

#### जारी रहेगी हड़ताल

एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष डॉ. किरण गायकवाड़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले आंदोलन के तहत आज बाइक रैली निकाली गई है। वहीं उन्होंने कहा है कि हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सुविधाओं पर जो असर हो रहा है, उसके लिए संगठन को खेद है। उन्होंने कहा कि इस बार आर-पार की लड़ाई है, जब तक मांगे पूरी नहीं होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।



**खबर संक्षेप**

## क्षितिज अपार संभावना अंतर्गत निःशक्त विद्यार्थियों छात्रगृह योजना का प्रावधान

**हरिभूमि कवर्धा।** निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के तहत निःशक्त व्यक्तियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित, उन्हें संबल प्रदान करने एवं उनके अधिकारों का संरक्षण के लिए 01 या 01 से अधिक (अधिकतम 05 बच्चों के समूह) दिव्यांग विद्यार्थियों को किराए के भवन में निःशुल्क आवास सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान किया जाना है। योजना से राज्य के दिव्यांग विद्यार्थियों का समूह देश के अन्य राज्यों में भी अध्ययन करने लिए छात्रगृह का लाभ ले सकेंगे। क्षितिज अपार संभावनाए अंतर्गत निःशक्त विद्यार्थियों के लिए छात्रगृह योजना का प्रावधान है।

# कवर्धा विधानसभा में तीजा उत्सव संपन्न, बड़ी संख्या में शामिल हुईं माताएं-बहनें

- छत्तीसगढ़ के परंपरा में तीजा त्यौहार महिलाओं का पसंदीदा त्यौहार, सभी बहनों के साथ तीजा मनाने का सौभाग्य मिला : श्रीमती रश्मि शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तीजा बिना मायके अधूरा यही भाव पूरे कवर्धा विधानसभा में देखने को मिला, जब भाजपा के सातों मंडलों की हजारों बहनें पारंपरिक गीत-संगीत और खेलकूद में झूम उठीं। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित तीजा उत्सव मिलन कार्यक्रम का समापन बुधवार को स्थानीय ऑडिटोरियम में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस पूरे आयोजन की सबसे बड़ी आकर्षण रहीं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा। वे पूरे समय पारंपरिक छत्तीसगढ़ियां परिधान में सजी नजर आई। उन्होंने श्रृगांर के रूप में गुलाबी छत्तीसगढ़ी साड़ी धारण की थी, जिसके साथ सुतिया, ऐंठी, चूड़ी-रुपिया, मोहर, नागमोरी और करधन जैसे आभूषण पहनकर वे सचमुच कार्यक्रम की आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रहीं। उनके साथ मंच पर भाजपा मंडल की महिलाओं ने भी छत्तीसगढ़ी परिधान व पारंपरिक गहनों में सजधज कर हिस्सा लिया, जिससे पूरा माहौल मानो छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का जीवंत चित्र बन गया। श्रीमती शर्मा ने भावुक होकर कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी त्यौहार खास हैं, लेकिन तीजा पर्व महिलाओं के लिए सबसे प्रिय है। यह मायके की याद और बहनों के संग बिताए पलों का पर्व है। पिछले साल कुछ स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ पाई थी, इस बार सातों मंडलों में जाकर दोगुना आनंद लिया। जिसमें कवर्धा ग्रामीण, भोरमदेव, रेंगाखार, लोहारा, पिपरिया और बोडला मंडल की बहनों ने भी ड्रेस शो, लोकनृत्य, पकवान प्रतियोगिता और जलेबी दौड़ जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तीजा पर्व का यह सामूहिक आयोजन न केवल उत्सव रहा, बल्कि छत्तीसगढ़ की परंपरा, महिला शक्ति और लोक-संस्कृति का शानदार प्रदर्शन भी बन गया।




### उपमुख्यमंत्री ने तीज-मिलन की बधाई व शुभकामनाएं दी

तीज मिलन समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बहनों-माताओं के इस पारंपरिक त्यौहार की मिठास ही अलग है। तीजा तिहार मनाने की जिम्मेदारी इस बार आप सबकी रश्मि भाभी ने निभाई। कवर्धा विधानसभा के सातों मंडलों की माताओं-बहनों ने जिस उत्साह से भाग लिया उसके लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं का भी विशेष आभार। एक भाई और बेटे की तरह मुझे आप सभी माताओं-बहनों का प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद हमेशा मिलता है, यही मेरा सबसे बड़ा संबल है। ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि सबका जीवन मंगलमय हो और यह पर्व सभी के जीवन में आनंद व उत्साह लेकर आए।

## कलेक्टर के निर्देश में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार व योजनाओं के क्रियान्वयन पर बैठक सम्पन्न

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता, क्रियान्वयन प्रभावी व परिणामोन्मुखी पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता योजना के समुचित क्रियान्वयन को लेकर बोड़ला विकासखण्ड के तरेगांव जंगल जोन में संस्था प्रमुखों की बैठक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगांव जंगल में सम्पन्न हुई। इस बैठक में 08 संकुलों के अंतर्गत आने वाले 65 शासकीय प्राथमिक विद्यालय, 26 उच्च प्राथमिक विद्यालय और 07 हाई हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों सहित 100 से अधिक शिक्षाधिकारी एवं प्राचार्य शामिल हुए। यह महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

कलेक्टर ने पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और परिणामोन्मुखी ढंग से होना चाहिए। श्री वर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की सशक्त नींव है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता योजना का सार्थक क्रियान्वयन तभी संभव होगा जब हर संस्था प्रमुख पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से अपनी भूमिका निभाए। शिक्षा विभाग की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे बच्चे को मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। बैठक में सीजी स्कूल पोर्टल पर एचआर एमआईएस अंतर्गत सत्र 2025 के लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आईपीआर अचल संपत्ति विवरण का अपडेशन, अनिवार्य ऑनलाइन अवकाश, इन्सपायर ऑवार्ड 2025-26 के पंजीयन लक्ष्य तथा नवोदय विद्यालय भर्ती परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन को सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत निर्देश दिए गए।

### शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया



बैठक में सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर और डीजी पात्रा ने शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन, राज्य शासन द्वारा जारी शैक्षिक कैलेंडर के समुचित क्रियान्वयन तथा विद्यालयों के नियमित निरीक्षण पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। साथ ही निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, सरस्वती सायकल योजना, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण लक्ष्य, विद्यालय भवन व अधोसंरचना की ऑनलाइन प्रविष्टि जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, किचन शेड की स्वच्छता और शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज की नियमितता व अभिलेखीकरण पर विशेष जोर दिया गया।

## सामाजिक अंकेक्षण के लिए संकुल केन्द्र पथर्रा में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में बुधवार को संकुल स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें संकुल प्राचार्य महेश खुराना द्वारा शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला स्तर पर 20 बिंदुओं के संदर्भ में जानकारी दिया गया। तत्पश्चात संकुल समन्वयक रामसिंह साहू द्वारा इंस्पायर्ड अवॉर्ड में पंजीयन, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, आय-जाति प्रमाण पत्र, मध्याह्न भोजन योजना मेनू के अनुसार भोजन, सीजी स्कूल में शाला के आधों-संरचना, सभी प्रकार के अवकाशों का ऑनलाइन स्वीकृति, सामाजिक अंकेक्षण का गठन, यूडीआईएसई में बच्चों का जानकारी अपडेट संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। इस मासिक बैठक में उपस्थित प्रधान पाठिका एलवीना विलसन, कौशल प्रसाद, प्रधान पाठक हुकमी धुर्वे, उग्रदास लहरें, विनोद चंद्रवंशी, संतकुमार वर्मा, शिव चंद्रवंशी, केजहा निर्मलकर व शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित थे।

## किसान धान फसल की निंदाई कार्य में जुटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रुक-रुककर हो रही हल्की तेज बारिश से खेतों में नमी आने लगी है तथा कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी हुई है। वहीं झमाझम बारिश से धान खेत-खलिहान हरे-भरे नजर आ रहे हैं और पौधे तेजी से बढ़ने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के किसान धान की निंदाई कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है जिससे खेतों में उग आए खरपतवार एवं कचरे को निकालकर साफ-सफाई की जा रही है। जिससे अच्छी फसल की पैदावार सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण किसान खेत-खलिहान में खाद व कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसान खेतों में निंदाई और खाद डाल रहे जिससे धान फसल की अच्छी पैदावार कर अधिक धनराशि अर्जित कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें।

**श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मैं प्रमोद कौशिक पिता महेन्द्र कौशिक उम्र 35 वर्ष जाति लोधी निवासी ग्राम गोछिया तहसील स.लोहारा, जिला कबीरधाम छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि

1 यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

2 यह कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 31/07/2023 को रूपजीवन हॉस्पिटल कवर्धा में हुआ है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम आर्य कौशिक दर्ज है। जो कि त्रुटि वंश दर्ज है।

3 यह कि मेरे पुत्र वास्तविक नाम आर्यवर्धन कौशिक है। जो सत्य व सही है।

4 यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश आर्य कौशिक दर्ज हो गया है जिसे संशोधन कर मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आर्यवर्धन कौशिक दर्ज कराना चाहता हूँ। जिसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 20/08/2025 को कवर्धा में अपना हस्ताक्षर किया।

मुहर शपथकर्ता

## भगतपुर से पीपरमाटी पीएम सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे, आवागमन बाधित

- स्कूली छात्र छात्राओं को उठानी पड़ रही भारी परेशानियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम खैरवार कला से कोयलारी कला तक शासन प्रशासन द्वारा लगभग 17 किलोमीटर सड़कों का जाल एक गांव से दूसरे गांव तक जोड़ने के लिए बनाया गया। लेकिन जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी तथा सुधार व मरम्मत कार्य के अभाव में प्रधानमंत्री सड़क ग्राम भगतपुर से पीपरमाटी तक पहुंच मार्ग गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो गया है। वहीं बरसात के दिनों में गड्ढों में जल भराव की स्थिति निर्मित होने से आवागमन बाधित हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पीएम सड़क जर्जर व जलभराव की स्थिति से सड़क छोटे बड़े तालाब में तब्दील हो चुकी है, जिससे राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। वहीं आसपास क्षेत्र के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि आने जाने राहगीरों तथा ग्रामीणों को सुविधा मिल सकें।

## पीजी कॉलेज कवर्धा में छात्राओं के प्रवेश में धांधली का आरोप, अभाविप ने जताई कड़ी नाराजगी

- कार्यकर्ताओं ने सख्त कार्यवाही कि मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



आचार्य पंथ श्री ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज में चल रही प्रवेश प्रक्रिया में धांधली और अनियमितताओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध व नाराजगी दर्ज कराया है। वहीं नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन ने पारदर्शिता के नियमों का पालन नहीं किया, जिसके चलते कई योग्य और मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रवेश से वंचित कर दिया गया है, जबकि दूसरी ओर अपारदर्शी तरीके से नियम विरुद्ध प्रवेश दिए गए हैं। उनका कहना है कि शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और समान अवसर छात्र छात्राओं का बुनियादी अधिकार है। प्रवेश प्रक्रिया में हो रही अनियमितता न केवल विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि शैक्षणिक वातावरण को भी दूषित कर रही है। जिस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रमुख रूप से मांगें जिसमें प्रवेश प्रक्रिया की तत्काल जांच कराई जाए, अनियमित प्रवेश रद्द कर योग्य छात्र छात्राओं को उनका अधिकार दिलाया जाए, भविष्य में ऐसी गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया जाए व दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही कि मांग की गई। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन की राह अपनाएगा और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में अभाविप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### रैली निकालकर नारा के साथ ग्रामीणों को दिया जन-जागरूकता का संदेश

# स्वास्थ्य विभाग में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर विविध कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

छत्तीसगढ रजत महोत्सव के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरख मे स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रम रैली निकाली गई। साथ ही प्राथमिक उपचार एवं सहायता से संबंधित डेमो द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले में अनेक जन-जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर्रे ने बताया कि जिले के प्रभावित विकासखण्ड बोड़ला के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें मलेरिया से बचाव को लेकर लोगों को जन जागरूक किया जा रहा है। 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। मच्छर से फैलने वाले रोग, लक्षण और बचाव के विषय में जानकारी दिया। साथ ही बुखार से पीड़ित दो बच्चों की कीट द्वारा जॉच किया गया दोनों निगेटिव पाया गया। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बोड़ला डॉ पुरूषोत्तम राजपूत ने बताया कि मलेरिया एक संक्रामक बीमारी है जो मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से होता है। ठंड के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी आना, थकान होना, चक्कर आना और पेट में दर्द होना मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण है। सामान्य तौर पर मलेरिया अस्पताल में उपचार से दो सप्ताह में ठीक हो जाता है लेकिन इस दौरान काफी एहतियात बरतने की जरूरत होती है। रैली में छात्र छात्राओं द्वारा पानी पीओ छान के और मच्छरदानी लगाओ तान के, स्वच्छता अपनाओ बीमारी दूर भगाओ जैसे नारा के साथ ग्रामीणों को जन जागरूक किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सोहन कुमार यादव, बालाराम साहू जिला समन्वयक रेडक्रॉस, डॉ लोकेश चंद्रवंशी मेडिकल अधिकारी, जीवन कौशिक संभाग प्रभारी 108 आपातकालीन सेवाएं, व्याख्याता सुश्री प्रेमलता ठाकुर, चुनिया बिलौहा सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ राहुल कोसमा, एएनएम मीनाक्षी वारते सहित जन प्रतिनिधीगण, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### बीमारियों से बचाव के उपाय बताया

डॉ श्री राजपूत ने बताया कि मच्छर पनपने से रोकने के लिए घर के आसपास बने गड्ढों- नालियों, बेकार पड़े खाली डब्बों, पानी की टंकियों, गमलों, टॉयर-ट्यूब में पानी एकत्रित न होने दें। जमे हुए पानी में मिट्टे-तेल की कुछ बूंदे अवश्य डाले। मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छर भगाने का क्रीम लगाए, अगरबत्ती जलाए साथ ही मच्छर से फैलने वाली अन्य बीमारी जैस डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया के बारे में भी बताया गया। साथ ही साथ आपातकालीन नंबर एक्के बर सब्बो नंबर वाहन 112 व 108 से कैसे संपर्क बनाया जाए इस बारे में विस्तार से बताया गया।

## सीसी रोड व पक्की नाली निर्माण के अभाव में सारंगपुर खुर्द के ग्रामीण मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीण सीसी रोड व पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में आज भी बुनियादी सुविधाओं लाभ से वंचित नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि बरसात के दिनों में गांव की गलियां व चौक-चौराहे कीचड़ से लथपथ व बदहाल होने से आवागमन करनें में रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकवा शिकायत कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन स्थिति जस के तस बनी हुई। सीसी रोड व पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में जलभराव की स्थिति निर्मात होने से ग्रामीण परेशान होकर स्वयं फावड़ा लेकर पानी निकासी के लिए नाली निकालने में जुट गए हैं, ताकि बारिश का पानी आसानी से बह सके और गांव में जलभराव की समस्या से निजात मिल सकें। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में गली व चौक चौराहो में कीचड़मय होने से आवाजाही बाधित तथा नन्हे मुन्हे व बुर्जुग फिसलकर चोटिल हो रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द गांव के चौक-चौराहों तथा गली-मोहल्लों में सीसी रोड और नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल सके।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की कार्ययोजना को लेकर समीक्षा बैठक

# जिले की बिजली व्यवस्था को नई ताकत देने लगाए जाएंगे 2500 से अधिक ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बिजली उपभोक्ताओं और किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने बड़े स्तर पर काम शुरू किया है। इसी कड़ी में आरडीएसएस योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक विजय शर्मा के उपस्थिति में स्थानीय विधायक कार्यालय कवर्धा में की गई। बैठक में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 340 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बिजली नेटवर्क को सुदृढ़ करने का काम चल रहा है। इस योजना से उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज, ओवरलोड और बार-बार ट्रिपिंग जैसी परेशानियों से बड़ी राहत मिलेगी। योजना अंतर्गत 2,500 से अधिक नए ट्रांसफार्मर जल्द लगाए जाएंगे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर फीडर सेग्रिगेशन और सप्रेशन कार्य प्रस्तावित थे, जिनमें प्रगति की समीक्षा की गई।

एलटी लाइन सुधार कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज हुई है। अब तक 539 ग्रामों में पोल और केबल बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा लगभग 5,270 पोल लगाए जा चुके हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नए पोल की मजबूती, क्वालिटी और अलाइनमेंट पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर कार्य स्थायी और टिकाऊ हो ताकि आगे दोबारा देखने की आवश्यकता न पड़े । विभागीय अधिकारियों को उन्होंने लगातार परीक्षण और निगरानी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं, जिन पर उपमुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया और समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना विशेष प्रयासों से जिले में गति पकड़ रही है इस पर किसी भी प्रकार से कोताही बर्दास्त नहीं किया जायेगा उन्होंने कहा आने वाले समय में प्रत्येक उपभोक्ता को स्थायी समाधान मिलेगा। कार्य को मजबूती के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु पूरी ताकत के साथ लगने का निर्देश दिया।

### कैब कॉन कंपनी के प्रतिनिधियों को डिप्टी सीएम ने दी हिदायत



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समीक्षा बैठक में कैब कॉन कंपनी के प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कार्यो के गुणवत्ता की बाह्य समीक्षा भी करायी जाएगी गुणवत्ता मानक में किसी भी प्रकार से कमी बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कार्यो को और अधिक गति देकर जल्द से जल्द पूर्ण करें अंत में विशेष रूप से छांटा-झा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा उठाये गए लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए बस्ती और पंप को अलग-अलग फीडर से जोड़ने पर सहमति बनी। वहीं, लासाटोला और मैनपुरी क्षेत्र में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग को देखते हुए स्थायी समाधान तक 63 केवीए का अस्थायी ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए। बैठक में बिजली विभाग से ईडीएस सेलेट, एईईबीके कुसरे, एसईए ठाकुर, एसईआर घोष, ईई जीएस. फ्लोरा, केके झा, आरके गोस्वामी सहित विभागीय इंजीनियर व कैब कॉन कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी धुर्वे, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू, लोकचंद साहू, गोलू यादव समेत बड़ी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए।

## विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 87 लाख 83 हजार 600 रूपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा कवर्धा विस के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यां के लिए 87 लाख 83 हजार 600 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए सीएमओ कवर्धा, स.लोहारा, बोड़ला, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, सीईओ जनपद पंचायत स. लोहारा, कवर्धा और बोड़ला को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की अनुशंसा से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 1 शिवाजी कॉलोनी में विद्युत ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए 93 हजार रुपए, एकता चौक में एलटी लाइन विस्तार के लिए 3 लाख 88 हजार 700 रुपए, स. लोहारा की वार्ड क्रमांक 13 में सामुदायिक मंगल भवन निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 6 आदर्श नगर कवर्धा में विद्युत विस्तार कार्य के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम बानो में ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए 01 लाख रुपए, ग्राम धमकी में विद्युत पोल विस्तार के लिए 40 लाख रुपए, कवर्धा शहर की राजमहल कॉलोनी, वार्ड नंबर 10 राजघाट, कैलाश सरोवर के पास मंच निर्माण कार्य के लिए 3-3 लाख रुपए, कवर्धा तहसील और एमडी कार्यालय, बोड़ला तहसील और एमडी कार्यालय में आम जनों के लिए पेय जल व्यवस्था कार्य के लिए 60800 रुपए, कैलाश नगर कवर्धा में खेल मैदान के लिए 1 लाख रुपए, कैलाश नगर में सामुदायिक भवन में आहता निर्माण के लिए 1 लाख 49 हजार रुपए, एकता चौक में शौचालय निर्माण के लिए 4 लाख रुपए, कवर्धा वार्ड क्रमांक 20 में मॉडल आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 10 मे गोठान में फेंसिंग कार्य के लिए 4 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 10 में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 19 लाख 99 700 रुपए, वार्ड क्रमांक 25 सिविल लाइन में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लख रुपए, बोड़ला के वार्ड क्रमांक 6 में चौक निर्माण के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कान्हा भैरा से नेवारीगुड़ा मार्ग में मुरम सड़क निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बछेड़ी में आता निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 49 हजार 900 रुपए, ग्रापं तिलाईभाट के प्राथमिक स्कूल में मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम खुरमुंडा से नेउरगांव सरहद में मुरूम सड़क निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 49 हजार 900 रुपए, ग्राम रौचन के हाई स्कूल में मंच निर्माण के लिए 3 लाख 99 हजार 700 रुपए और ग्राम खैरबना कला में एलडीई लाइट कार्य के लिए 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

## खबर संक्षेप

### खराब ट्रांसफार्मर बदलने पर किसानों में खुशी

**पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम सोनपुरी खार में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के बाद किसानों और ग्रामीणों के चेहरे पर आई मुस्कान। समय पर कार्रवाई के लिए लोगों ने पंडरिया विद्युत विभाग और अधिकारियों का आभार जताया है।

दरअसल, पिछले कई दिनों से ग्राम सोनपुरी खार का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके चलते किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही थी और ग्रामीणों को विद्युत सप्लाई बंद का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने इस समस्या की शिकायत विद्युत विभाग में की थी व उनके द्वारा मीडिया को भी अवगत कराया गया, उपरोक्त विषय को संवाददाता के द्वारा विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को दी। जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया और विभागीय टीम को मौके पर भेजकर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। विभाग की इस तत्परता से किसानों और ग्रामीणों को राहत मिली है और क्षेत्र के किसानो में खुशी देखी जा रही है।

### दो परिवार को मिली आर्थिक सहायता राशि

**कवर्धा।** कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम मिनमिनिया मैदान निवासी रजुराम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र भानुराम और ग्राम अंजना निवासी सुक्लू सिंह की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता जोहन सिंह को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

## एनएच 30 में संचालित अवैध ढाबा व दुकानों के खिलाफ वन विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के आदेशानुसार गत दिनो कवर्धा परिक्षेत्र अंतर्गत बोड़ला से बंजारी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण कर बनाए गए मकान, ढाबा, चाय दुकान एवं टायर पंचर दुकान आदि को हटाने की कार्यवाही की गई। वन विभाग के मुताबिक गश्ती दल द्वारा बोड़ला वृत्त के कक्ष क्रमांक आरएफ 64 सुकवापारा परिसर में एक ढाबा संचालक संजय धुर्वे पिता केवल सिंह धुर्वे निवासी रानीदहरा, एक चाय की दुकान संचालक बुद्धसिंह पिता सवनू निवासी अमलीडीह, वन अधिकार भूमि में निर्मित एक टायर पंचर दुकान संचालक दिलसाद आलक पिता गुलाम मुस्तफा निवासी अमलीडीह द्वारा वन भूमि में अतिक्रमण कर संचालित करते पाए गए। विभाग द्वारा इन संचालकों को समझाईश दी गई, जिस पर उन्होंने 02 दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने की सहमति दी। इसके अतिरिक्त बंजारी वृत्त के कक्ष क्रमांक आरएफ 62 बंजारी परिसर में एक ढाबा संचालक श्रीमती पार्वती पति अघनू यादव निवासी सुकवापारा तथा भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 72 बंजारी परिसर में एक ढाबा संचालक सुरेन्द्र नायक पिता स्व. प्यारे लाल नायक निवासी बंजारी द्वारा भी अतिक्रमण कर ढाबा संचालित करते पाया गया। दोनों संचालकों को भी तत्काल अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी गई। वन विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण एवं व्यावसायिक गतिविधि नियम विरुद्ध है। निर्धारित समयावधि के पश्चात यदि अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, तो विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## आत्महत्या: पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुबा रोड में बुधवार को सड़क किनारे लगे पेड़ में एक युवक का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है। प्रथम दृष्टि मामला आत्महत्या का जान पड़ रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह अपने घरों से निकले लोगों ने पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कुबा रोड में सड़क किनारे लगे पेड़ में एक युवक का रस्सी के सहारे फांसी के फंदे में लटका युवक का शव देखा।

लोगों की नजर जैसे ही फांसी के फंदे में झूल रहे युवक के शव पर पड़ी उनके होश उड़ गए और उन्होने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसकी पहचान नरेंद सवरा पिता फागु सवरा आयु 27 वर्ष के रूप में की है। जिसके बाद घटना से परिजनो को अवगत कराया गया। पुलिस के मुताबिक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि अभी तक आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। दूसरी तरफ मृतक के परिजन भी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर नरेन्द्र ने आत्महत्या क्यों की।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्कूलों में बच्चों के गुणवत्ता सुधार हेतु संचालित मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान तहत संकुल के प्रत्येक शाला से सामाजिक अंकेक्षण के लिए चयनित टीम लीडर का एक दिवसीय संकुल स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल छिरहा में किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य व प्रशिक्षक डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने सामाजिक अंकेक्षण के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व हाई स्कूल स्तर पर मूल्यांकन हेतु निर्धारित प्रश्नावली में उल्लेखित बीस-बीस प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्प, लर्निंग आउटकम, रेमेडियल टीचिंग, समग्र स्कोर की गणना, प्राप्तांक की व्याख्या, ऑडिट टीम में शामिल सदस्य, प्रत्येक प्रश्न में अंक निर्धारण के तरीके, एक पेड़ मां के नाम, पुस्तकालय का उपयोग आदि के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। तत्पश्चात प्रशिक्षार्थी शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सकुल प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, समन्वयक मुरीत खरे, कल्पना मरावी,अनुज चन्द्रवंशी, सुषमा साहा, प्रभा कौशिक, लाला गुप्ता, श्वेता तिवारी, कुम्भकरण कौशिक एवं देवदास धृतलहरे उपस्थित थे।

## प्रशासनिक व विभागीय कार्यों में आ रही गति, ग्राम घिकुड़िया में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर भाजपा के युवा नेता और जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में लगातार सक्रियता दिखाते हुए जहां शासन के सहयोग से क्षेत्रवासियों की मंशा एवं आवश्यकताओं के अनुरूप विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण करते आ रहे हैं वहीं वे क्षेत्र के सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़कर लोगों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। निश्चित रूप से अपने चुने हुए जनप्रतिनिधि की इस सक्रियता को देखते हुए ग्रामीणों में भी संतोष का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम घिकुड़िया में गत दिनो कैम्प का आयोजन कर ग्रामीणों की निराश्रित पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, राजस्व प्रकरण, कृषि, विद्युत व पेयजल से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। बताया जाता है कि इस कैम्प में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। जहां जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और प्रशासन के सहयोग से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान स्थल पर किया। इस व्यवस्था पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है। बहुत से बुजुर्ग अथवा संसाधन विहीन ऐसे ग्रामीण हैं जो अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर सरकारी दफ्तरों तक नहीं जा पाते हैं ऐसे में अगर उनकी मांगों और समस्याओं का समाधान उनके ही गांव घर में हो रहा है तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है। वहीं जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा शासन की सभी योजनाओं और शासन की व्यवस्थाओं को लोगों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करने की है और हम इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर भरत साहू जनपद सदस्य लिमो, वसुदेव नट सरपंच धमकी, सीता राम कौशिक सरपंच कुटेली, मनबहल साहू धमकी, महेश साहू घुकुड़ियां, रमेश शर्मा धमकी, बसदेव धमकी, ओमप्रकाश साहू, फट्टे साहू, महेश साहू, चंद्रेश साहू, रज्जु सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर 23 को जिला अस्पताल कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला स्वास्थ्य समिति एनसीडी, कवर्धा एवं बाल्को मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 23 अगस्त 2025, दिन शनिवार को जिला अस्पताल कवर्धा परिसर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित है। इस दौरान विश्व स्तरीय कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर पांडेय (कैंसर रोग विशेषज्ञ, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई) मरीजों को परामर्श देंगे और जांच करेंगे। आयोजकों द्वारा शिविर की तैयारियां की जा रही है।

### संभावित कैंसर के लक्षण जिन पर रखें ध्यान

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तुर्रे ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ अवश्य लें और समय पर जांच कराकर संभावित रोग से बचाव करें। कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में कई ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं, जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। यदि किसी को स्तन में गाँठ, मुंह में अल्सर या गले में गांठ, मल या मूत्रत्याग की आदतों में परिवर्तन, थकान व वजन में असामान्य बदलाव, लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ, खून की कमी, लगातार बुखार, निगलने में दिक्कत, गर्दन या चेस्ट में गांठ, आवाज में बदलाव, शरीर पर असामान्य सूजन या घाव, आदि लक्षण दिखाई देते हैं तो उन्हें कैंसर जांच अवश्य करानी चाहिए। इस निःशुल्क शिविर में मुख कैंसर परीक्षण (ओरल हाइपोलॉजी), स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण (पैप स्मीयर) सहित अन्य आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### तीज पर्व को लेकर जिले के प्राय: हर रूट की बसों में उमड़ रही तिजहारिनों की भीड़

## बसों में तिजहारिनों की भीड़, महिलाओं का सफर हो रहा बेहद तकलीफ दायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



साल भर इंतजार के बाद आने वाले तीज पर्व के मौके पर मायके जाने की खुशी और अपनी सखी, सहेलियों से मेलमुलाकात का उल्लास महिलाओं तथा खासकर नवविवाहित युवतियों में साफ देखा जा रही है। लेकिन उनकी इस खुशी पर उस समय ग्रहण लग जाता है जब वे इन दिनों बसों में आने जाने की बात भी सोचती हैं। महिलाओं के साथ अगर दुधमुहे अथवा छोटे बच्चे हैं और सफर लम्बा हो तो भगवान ही मालिक है। दरअसल तीज पर्व की नजदीकियों को देखते हुए इन दिनों सभी रूटों की बसों में तिजहारिनो की भारी भीड़ उमड़ रही है। आलम ये है कि बसों में लोगों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का परम्परागत पर्व तीजा विवाहिताओं के लिए बेहद खास होता है। इस पर्व में विवाहिताएं अपने पति की लम्बी आयु की और युवतियां इच्छित वर पाने की कामना को लेकर भगवान शिव की अराधना करती हैं। छत्तीसगढ़ की यह बरसों पुरानी परम्परा रही है कि तीज पर्व पर दूर दराज से बेटियों को लाने मायके पक्ष के सदस्य उनके ससुराल जाते हैं। आज भी इतनी व्यस्तता के बाद क्षेत्र में इस रिवाज को उत्साह पूर्वक निभाया जाता है। बेटियों को लिवा लाने का यह क्रम एक हफ्ते पहले ही शुरू हो जाता है। खासकर नवविवाहित युवतियां तो राखी के समय से ही तीज पर्व के लिए मायके आ जाती है। जैसे-जैसे तीज का पर्व नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे महिलाओं की भीड़ बसों, टैक्सियों में बढ़ती जा रही है। बस संचालकों का कहना है कि पूरे वर्ष में तीजा पर्व के समय महिलाओं की भीड़ बसों में अधिक होती है। तीजा का पर्व एक तरह से हमारे लिए सीजन का समय होता है। क्योंकि बेटियों को लेने जाने और लेकर आने का यह क्रम करीब 15-20 दिनो तक चलता है। जितनी भीड़ बसों में पर्व के पूर्व होती है उतनी ही भीड़ पर्व के बाद भी लौटती है। कुल मिलाकर तीज पर्व के चलते यात्रियों की बढ़ी इस भीड़ से बस संचालकों की चांदी हो गई है। लेकिन इस भीड़ का हिस्सा बनने मजबूर महिलाओं और बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## स.लोहारा कॉलेज में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा



सहसपुर लोहारा के शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय में प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट महाविद्यालय भिलाई के साथ एमओयू के तहत महाविद्यालय के बीए, बी कॉम, बीएससी के अंतिम वर्ष की छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिज्म संस्था भिलाई के असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष कुमार प्लेसमेंट सेल और प्रबंधन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर देसना गर्ग उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ केएस परिहार एवं अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सरकारी और निजी संस्था में काम करने तथा विभिन्न सरकारी भर्ती की जानकारी दिया गया जिसमें पीएससी, यूपीएससी, व्यापम की जानकारी दी गई साथ ही प्रबंधन कोर्स पीजीडीएम पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट के बारे में भी छात्र-छात्राओं को विशेष जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में रोजगार के प्रति रुचि एवं हर्षोल्लाह देखा गया कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त संदीप कुमार सोनकर सहायक अध्यापक अंग्रेजी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ ज्योति चंद्रवंशी, सुश्री अंजू महोबिया, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, दीपक पटेल , गौरव जायसवाल, डॉ रुपेश कुमार वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा विवेक चौहान, गिरधारी वर्मा एवं महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।